जातिवाद, संप्रदायवाद, नक्सलवाद व क्षेत्रवाद को समाप्त करने की जरूरत

एजुकेशन रिपोर्टर|दरभंगा

एमएलएसएम कॉलेज में मिथिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अजय कुमार पंडित ने महाविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका \'प्रतिबिंब\' व डॉ. संजय द्वारा संपादित पुस्तक \'भारतीय लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियां\' पुस्तक का किया लोकार्पण। कुलसचिव ने कहा कि प्रतिबिंब पत्रिका एक सफल पत्रिका है। इसकी संक्षिप्त सूचना भी बेहतरीन है। इस तरह की पत्रिका निरंतर निकलनी चाहिए। उन्होंने विवि के बेहतरीन कार्यशैली की भी चर्चा की तथा शिक्षा एवं शोध पर विशेष कार्य करने की पहल की। बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. कामेश्वर झा ने भारतीय लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियां\' पुस्तक को एक सफल पुस्तक बताई। उन्होंने कहा कि सभी को संविधान के अनुसार चलना चाहिए। उन्होंने धर्मवाद, जातिवाद, संप्रदायवाद, नक्सलवाद, क्षेत्रवाद समाप्त करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य सह संगोष्ठी के अध्यक्ष प्रो. शंभु कुमार यादव व राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार झा ने भी संविधान की विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

पुस्तकों का लोकार्पण करते अतिथि।